# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट - थाना मऊदरवाजा

## दिनांक - 01.09.2026

**थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा अपने पिता की हत्या करने वाले 15000/- रुपये के इनामिया 01 अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल सहित किया गया गिरफ्तार।**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री यमुना प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 163/2026 धारा 103(1) बीएनएस में वांछित अभियुक्त अनिल पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम अर्राहपहाड़पुर थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।




**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

01. अनिल पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम अर्राहपहाड़पुर थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़।

**घटना का विवरण-** दिनांक 28.04.2026 को थाना मऊदरवाजा पर वादी श्री देवेन्द्र पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम अर्राहपहाड़पुर थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़ द्वारा तहरीर बावत अभियुक्तगण द्वारा वादी के चाचा रामसनेही पुत्र स्व0 राजाराम निवासी ग्राम अर्राहपहाड़पुर थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़ की हत्या कर देने के सम्बन्ध में दी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मऊदरवाजा पर मु0अ0सं0 163/2026 धारा 103(1)बीएनएस बनाम 01.ओमकार 02. अनिल पुत्रगण रामसनेही निवासीगण ग्राम अर्राहपहाड़पुर थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़ पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में अभियुक्त अनिल उपरोक्त को मुखबिर की सूचना पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 कड़ा सफेद धातु व 02 ईंट के अद्दा के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-** अभियुक्त अनिल उपरोक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया कि मैंने तथा मेरे भाई ओमकार ने जमीन के विवाद को लेकर दिनांक 27.04.2026 को अपने पिता रामसनेही की हत्या की थी। मैंने अपने पिता के हाथ पकड़े थे तथा मेरे भाई ओमकार ने हाथ के कड़े से पिता के सिर पर वार किया था। बाद में मैने भी पिता के सिर में एक दो ईंट मार दी थी। मुझसे गलती हो गई मुझे माफ कर दीजिए।

**बरामदगी का विवरण-**

01. आलाकत्ल 01 कड़ा सफेद धातु
02. 02 ईंट के अद्दा

**अभियुक्त अनिल उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

01. मु0अ0सं0 0163/2026 धारा 103(1) BNS थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़।

**गिरफ्तार करने वाली थाना मऊदरवाजा पुलिस टीम-**

1. थानाध्यक्ष श्री अजब सिंह
2. उ0नि0 यतेन्द्र सिंह
3. का0 करतार सिंह
4. का0 सौरभ कुमार
5. का0 डिम्पल कुमार
6. महिला आरक्षी रचना सिंह
7. का0 श्यामसुन्दर
8. का0 नरेश
9. का0 सुमित कुमार
10. का0 अंकित कुमार
11. का0 गुलाम गौस
12. का0 प्रदीप कुमार
13. का0 अजय शर्मा
14. का0 प्रवीन कुमार

**गिरफ्तार करने वाली सर्विलांस पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री संत कुमार प्रभारी सर्विलांस/ SOG मय टीम

**मीडिया सेल फतेहगढ़।**